# सीएसआईआर-सीरी में सीएसआईआर के 84वाँ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 84वाँ स्थापना दिवस भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं इंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि तथा सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून के निदेशक डॉ. हरेन्द्र सिंह बिष्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहे। इसके साथ ही संस्थान की परंपरानुसार सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वैज्ञानिकों को भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। तदनुसार पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. वी. के. खन्ना एवं डॉ. एल. एम. जोशी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। स्थानीय संस्थानों/कार्यालयों के अधिकारियों सहित संस्थान के पूर्व एवं वर्तमान सहकर्मियों, उनके परिजनों, मीडिया कर्मियों आदि ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई।



दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ करते हुए
मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित मंचस्थ विशिष्ट अतिथियों एवं सीएसआईआर-सीरी के निदेशक के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ एवं राजस्थानी साफा पहनाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी. सी. पंचारिया ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।




स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए
डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक,सीएसआईआर-सीरी

अपने स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन में डॉ पंचारिया ने सीएसआईआर सहित संस्थान की हाल की वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं शोध गतिविधियों का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाएँ देश की औद्योगिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति में निरंतर योगदान दे रही हैं। अंत में उन्होंने सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित अतिथियों को परिषद के 84वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए इसकी निरंतर प्रगति की कामना की।




स्थापना दिवस संबोधन देते हुए प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा,
निदेशक, सीएसआईआर-सिम्फर, धनबाद

मुख्य अतिथि **प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा** ने सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को देश की अर्थव्यवस्था के विकास की रीढ़ बताया। उन्होंने सीएसआईआर-सीरी की अनुसंधान उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि सीएसआईआर-सीरी इलेक्ट्रॉनिक्स में देश की अग्रणी प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के शोध कार्य राष्ट्र के

औद्योगिक विकास, ऊर्जा संसाधनों और प्रौद्योगिकी की आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



सभागार में उपस्थित अतिथि, वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मी तथा उनके परिजन



विशिष्ट अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ. हरेन्द्र सिंह बिष्ट, निदेशक, सीएसआईआर-सिम्फर

विशिष्ट अतिथि **डॉ हरेन्द्र सिंह बिष्ट** ने भी अपनी ओर से सभी उपस्थित सहकर्मियों एवं अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सीएसआईआर की निरंतर उन्नति की कामना की। विशिष्ट अतिथि **डॉ. विनोद कुमार खन्ना** एवं **डॉ. ललित मोहन जोशी** ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव एवं संस्मरण साझा किए और सभी सहकर्मियों को समर्पित भाव से संस्थान व देश की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भी सीएसआईआर-सीरी तथा संपूर्ण सीएसआईआर परिवार को अपनी ओर से शुभकामनाएँ दीं।




विशिष्ट अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ वी के खन्ना एवं डॉ एल एम जोशी

**सेवा एवं अन्य पुरस्कार/सम्मान**

इस अवसर पर अतिथियों ने गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए 7 सहकर्मियों तथा 25 वर्ष की सेवा देने वाले 3 सहकर्मियों को **सेवा सम्मान** भेंट किए। साथ ही, कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सीएसआईआर-सीरी कार्मिकों के 04 बच्चों सहित सीएसआईआर स्थापना दिवस निबंध प्रतियोगिता के विजेता 18 बच्चों को भी पुरस्कृत किया।



25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले व गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए सहकर्मियों को सेवा सम्मान पत्र भेंट करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ हरेन्द्र सिंह बिष्ट

**अतिथि सम्मान**

संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को संस्थान की ओर से **शॉल व स्मृति चिह्न** भेंट कर सम्मानित किया। श्रीमती सीमा पंचारिया ने भी श्रीमती खन्ना एवं श्रीमती इंदिरा जोशी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।








प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षणगण

**खुला दिवस (ओपन डे)**

सीएसआईआर स्थापना दिवस (26 सितंबर, 2025) को संस्थान में खुला दिवस (ओपन डे) रखा गया। इस दिन पिलानी सहित अन्य निकटवर्ती विद्यालयों/महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने संस्थान की विज्ञान दीर्घा, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी आदि का शैक्षणिक भ्रमण किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों एवं शोध परियोजनाओं से संबंधित प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। मुख्य समारोह से पूर्व अतिथियों ने प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी सहित संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं में चल रही शोध गतिविधियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान की शोध उपलब्धियों की सराहना की तथा डॉ पंचारिया एवं सभी पूर्व निदेशकों और संस्थान के सभी कार्मिकों को बधाई दी।





संस्थान की प्रयोगशालाओं के अवलोकन के दौरान वैज्ञानिकों से चर्चा करते हुए अतिथिगण





प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथि एवं उनसे चर्चा करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

समारोह के अंत में प्रशासन नियंत्रक **श्री मधुरंजन पाण्डेय** ने औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं निदेशक महोदय सहित सभी सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं।




धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक




कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुश्री माया एवं डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा

समारोह का संचालन **डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा** एवं **सुश्री माया** ने किया। उन्होंने उपस्थित पूर्व एवं वर्तमान सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को अतिथियों का औपचारिक परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन **राष्ट्र गान** के साथ हुआ।

---------

**कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र**











---------------